हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 17 मार्च, 2017/ 26 फाल्गुन, 1938 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 9

भवन निर्माण

1648 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला मण्डी में Regional Urban Management Institute (RUMI) बनाने के लिए किसानों ने 20 बीघा 8 बिस्वा भूमि शहरी विकास विभाग ने नाम मुहाल झरेड़ा, तहसील धर्मपुर में "मुफ्त" दी है;

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा;

(ग) यदि सरकार इसका निर्माण इस भूमि पर नहीं करना चाहती है तो जिन किसानों ने भूमि दान दी है क्या उन्हें भूमि वापिस दे दी जाएगी; और

(घ) सरकार क्या इस भूमि पर कोई अन्य संस्थान खोलने का विचार रखती है?

मैदान की स्थिति

1649 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि कुल्लू स्थित ढालपुर मैदान राजस्व अभिलेख में रफा-ए-आम दर्ज है; यदि हां, तो इसका क्षेत्रफल कितना है;

(ख) यह भी सत्य है कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते अतिक्रमण और सरकारी भवनों के निर्माण से यह मैदान छोटा पड़ता जा रहा है; यदि हां, तो वर्तमान में मैदान का कितना भाग खाली है; और

(ग) सरकार इस मैदान को अतिक्रमण से बचाने के लिए क्या पग उठा रही है तथा अतिक्रमणकर्ताओं के विरूद्ध क्या कार्रवाई की जा रही है; ब्यौरा अतिक्रमणकर्ताओं के नाम पते सहित दें?

पानी की समस्या का समाधान

1650 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि भट्टाकुफर, गाहन, नेरीधार तथा शिमला शहर के कई क्षेत्रों में कई बार सप्ताह उपरान्त भी पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है; यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; और

(ख) शिमला नगर निगम के अंतर्गत कौन-कौन से अन्य क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है और सरकार उसके समाधान हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

स्वीकृत धनराशि

1651 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा जिला सिरमौर के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना से विभिन्न विभागों को किस-किस कार्य हेतु कितनी-कितनी धनराशि जारी की गई; और

(ख) इस अवधि में किस-किस विभाग द्वारा कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार कार्य के नाम सहित निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

Medical Institutions

1652 **Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many Medical Institutions are working in Kutlehar Assembly Constituency; category-wise detail be given;

(b) how many Institutions have been upgraded during last four years;

(c) whether posts have been created in these Institutions as per norms; if yes, detail of such posts and name of employees working with period be given; and

(d) what is the detail of equipments provided in these Hospitals?

पेंशन योजना

1653 **श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत कितने पात्र लोगों को पेंशन दी गई और कितने आवेदन लम्बित हैं; ब्यौरा पंचायतवार दें?

आयुर्वेदिक अस्पताल

1654 **श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जिला चम्बा में कितने आयुर्वेदिक अस्पताल हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ख) यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में अधिकतर आयुर्वेदिक अस्पताल बिना डॉक्टर व स्टाफ के चल रहे हैं; ब्यौरा अस्पतालवार दें; और

(ग) सरकार क्या ग्राम पंचायत चोली, कोहल एवं खजुआ जुन्गरा में आयुर्वेदिक औषधालय खोलने का विचार रखती है?

उठाऊ पेयजल योजना

1655 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्षों में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पेयजल की आपूर्ति हेतु कितनी योजनाएं स्वीकृत की गईं तथा उन पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा पंचायतवार दें?

पेयजल योजनाओं का रख-रखाव

1656 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी पेयजल योजनाओं के संचालन व रख-रखाव का कार्य प्राइवेट ठेकेदारों/फर्मों को दिया गया; ब्यौरा दें;

(ख) यह कार्य इन ठेकेदारों को कितनी-कितनी अवधि तथा कितनी-कितनी धनराशि पर दिए गए हैं; अनुबन्धों की प्रतियां सभा पटल पर रखें;

(ग) इन योजनाओं की लागत कितनी- कितनी थी तथा यह किस-किस वर्ष चालू हुईं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(घ) इन योजनाओं में कितने कुशल/अकुशल (Skilled/non-skilled) कर्मचारी रखे गए; ब्यौरा योजनावार दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 1 मार्च, 2017. **सचिव।**